आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आज, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार, आवागमन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में मई और जून माह के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन।
- चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार से रोडवेज बस सेवा शुरू।

विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आज आहूत किया जा रहा है। सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।
इस विशेष सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही अपने–अपने विचार रखेंगे। माना जा रहा है कि संसद में अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान को लेकर सरकार, विपक्ष के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव ला सकती है।
सत्र को लेकर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। विधानसभा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

सीमा व्यापार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा व्यापार, आवागमन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा की।

बैठक में कहा गया कि विकास कार्यों को स्थानीय आवश्यकताओं और जनहित को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस दौरान उत्तराखंड से लगे भारत–नेपाल सीमा पर निर्माणाधीन आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया को निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए चल रहे कार्यों को समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

जिला योजना की बैठक

ऊधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा ने जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 7 हजार 4 सौ 13 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि को मंजूरी दी है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, सिंचाई और पेयजल पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही, जो कार्य अत्यंत आवश्यक हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल किया गया है।

इस दौरान उन्होंने अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जल की नियमित जांच सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत में श्री बत्रा ने कहा कि बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत आपूर्ति

प्रदेश में मई और जून माह के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बिजली प्रबंधन के ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में कल देहरादून में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपभोक्ताओं को यथासंभव निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति देने के लिए यूपीसीएल ने अपनी प्रतिबद्धता जताई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि देशभर में हीट वेव के प्रभाव से बिजली की मांग में तेज वृद्धि हुई है। वहीं अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण गैस की सीमित उपलब्धता से राज्य के गैस आधारित संयंत्रों का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

इसके अलावा नदियों में जल स्तर में कमी से जल विद्युत उत्पादन में गिरावट आई है। चालू वित्तीय वर्ष में बिजली की मांग में औसतन लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है।

बस सेवा शुरू

उत्तराखंड परिवहन निगम ने हरिद्वार रोडवेज डिपो से चारधाम यात्रा के लिए बस सेवा शुरू कर दी है। रोडवेज बस स्टेशन से बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री के लिए प्रतिदिन न्यूनतम 10 बसों का संचालन किया जा रहा है।

हरिद्वार रोडवेज के एजीएम विशाल चंद्रा ने बताया कि इससे चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सस्ता और सुरक्षित विकल्प मिल रहा है। बड़ी संख्या में यात्री इस बस सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की संख्या और मांग के आधार पर बसों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

जनगणना –2027

प्रदेशभर के साथ ही हरिद्वार जिले में भी जनगणना–2027 के अंतर्गत प्रथम चरण, यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। यह कार्य 24 मई तक संचालित किया जाएगा।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस चरण में नियुक्त पर्यवेक्षक और प्रगणक घर–घर जाकर मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मियों का सहयोग करें और सही व पूरी जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में योगदान दें।

गैस वितरण

अमेरिका–ईरान तनाव के कारण विश्व स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की संभावित कमी के बीच, प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। केंद्र सरकार के निर्देश पर श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और छात्रों को 5 किलोग्राम के एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा रहे हैं।
इसी क्रम में ऊधमसिंह नगर जिले में अन्य जिलों और राज्यों से आए लोगों के लिए भी ये सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उन्हें रसोई गैस की किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह ने बताया कि दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है, जिससे उनके रोजगार पर कोई असर न पड़े।

उर्वरक उपलब्धता

केंद्र सरकार ने दोहराया कि देश में उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है और आपूर्ति लगातार मांग से अधिक है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि अब तक किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि यूरिया की उपलब्धता 71 दशमलव पांच–आठ लाख मीट्रिक टन है।

जबकि आवश्यकता 18 दशमलव एक–सात लाख मीट्रिक टन है। वहीं, डीएपी की उपलब्धता 22 दशमलव तीन–पांच लाख मीट्रिक टन है। वहीं आवश्यकता 5 दशमलव नौ–शून्य लाख मीट्रिक टन है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....
ईरान – अमेरिका के बीच युद्ध समझौते की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– परमाणु छोड़ अन्य मुद्दों पर बात को तैयार ईरान। इसी खबर पर अमर उजाला ने अमेरिका के हवाले से लिखा– होर्मुज पर ईरान का प्रस्ताव मंजूर नहीं।

प्रदेश में बढ़ती गर्मी की खबर पर दैनिक जागरण ने लिखा है– आज से राहत की फुहार, प्रदेश में हल्की वर्षा के आसार।

एक अन्य खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– भगोड़े बिल्डर की पत्नी राखी मित्तल दुबई में गिरफ्तार।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आज, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार, आवागमन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में मई और जून माह के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन।
- चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार से रोडवेज बस सेवा शुरू।